**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**10.08.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- राज्य सरकार 4 स्थानों पर स्थापित करेगी नए दूध प्रसंस्करण संयंत्र–मुख्यमंत्री ने कहा–दूध खरीद में होगी वृद्धि।
- भाजपा ने प्रदेशभर में शुरू किया हर घर तिरंगा अभियान–15 अगस्त तक होंगे देशभक्ति के कार्यक्रम।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर अपनी चुनावी गारंटियों से पीछे हटने का लगाया आरोप।
- प्रदेश में मॉनसून सक्रिय– कल 11 से 14 अगस्त तक कई स्थानों पर भारी वर्षा का अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**संयंत्र**

राज्य सरकार नाहन, नालागढ़, मोहाल और रोहड़ू में नए दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने जा रही है। इसके अलावा हमीरपुर ज़िले के जलाड़ी में दूध शीतलन केन्द्र और ऊना ज़िले के झलेड़ा में बल्क मिल्क कूलर स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि नए संयंत्रों के स्थापित होने से दूध खरीद में वृद्धि होगी और पशुपालकों को दूध के उचित दाम मिलेंगे। इसके साथ ही दूध खरीद के गुणवत्ता मानकों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस कदम से सरकार की आय में वृद्धि सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के प्रयासों से मिल्कफैड द्वारा दूध खरीद रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुकी है और दूध एकत्रिकरण की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है।

**अग्निहोत्री**

ऊना ज़िले में इस वर्ष 50 हैक्टेयर भूमि पर करीब 2 लाख 78 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें औषधीय और फलदार दोनों तरह के पौधे शामिल हैं। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली में वन महोत्सव के दौरान बताया कि ऊना ज़िले में कुल 21 हज़ार हैक्टेयर वन भूमि है और हरोली में वनों का घनत्व सबसे कम है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में वन घनत्व बढ़ाने के लिए विभाग को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र विकास के निर्णायक दौर से गुजर रहा है और बल्क ड्रग पार्क के विभिन्न कार्यों के लिए 9 सौ करोड़ रूपये के टैंडर किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग पार्क के स्थापित होने से हिमाचल के फार्मा सैक्टर को वैश्विक पहचान मिलेगी।

**हर घर तिरंगा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि हर घर तिरंगा को पूरे भारत में अभूतपूर्व लोकप्रियता मिल रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लोगों को एकजुट करने वाली गहरी देशभक्ति की भावना और तिरंगे पर उनके अटूट गर्व को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डॉट कॉम पोर्टल पर तस्वीरें और सेल्फी साझा करते रहने का आग्रह किया।

**अभियान**

इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेशभर में आज से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा। आज पहले दिन भाजपा द्वारा एक सौ 71 संगठनात्मक मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। राजधानी शिमला में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई और देशभक्ति के नारे लगाए गए। पार्टी नेता संजय सूद ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाना है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में कोटखाई क्षेत्र के पराली–बदरूनी में उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। करीब एक करोड़ 28 लाख रूपये से बनी इस योजना से क्षेत्र के पांच गांवों के एक हज़ार लोग लाभान्वित होंगे। एक जनसभा में रोहित ठाकुर ने बताया कि जुब्बल, नावर और कोटखाई क्षेत्र के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य चल रहा है। इसके तहत 38 करोड़ रूपये की लागत से पब्बर नदी से 27 पंचायतों के लिए पानी पहुंचाने का लक्ष्य है।

**स्कूली बच्चे**

राजधानी शिमला के एक निजी बोर्डिंग स्कूल से पिछले कल लापता हुए तीनों बच्चों को आज सकुशल बरामद किया गया है। इन बच्चों की तलाश के लिए शिमला पुलिस ने विभिन्न टीमों का गठन किया था और इन्हें ट्रैक करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में

सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने इस सफलता के लिए शिमला पुलिस की पूरी टीम को बधाई दी है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी तीनों छात्रों को सुरक्षित ढूंढने पर शिमला पुलिस की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और उनकी जांच टीम ने बेहतरीन काम किया है। संजीव गांधी ने बताया कि तीनों बच्चे कोटखाई के कोकुनाला गांव से बरामद हुए हैं और इसी गांव के सुमित सूद नामक एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार प्रदेश में झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई थी और अब खुद ही इन गारंटियों से पीछे हट रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने चुनावी गारंटियों के विपरीत ही कार्य किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जहां सरकार ने 5 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी वहीं इसके विपरीत करीब डेढ़ लाख से अधिक पद खत्म कर दिए गए हैं और 15 हज़ार से अधिक लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्टार्टअप फंड देने का वायदा करने वाली सरकार ने पहले से चली आ रही स्वावलंबन योजना को भी बंद कर दिया है।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से राजधानी शिमला सहित कई अन्य क्षेत्रों में दोपहर बाद वर्षा हुई है। पिछले दिनों हुई व्यापक वर्षा के बाद राज्य के कुछ क्षेत्रों में अभी भी जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है। भारी बारिश व भूस्खलन से प्रदेश में अभी भी 3 सौ 59 सड़कें अवरूद्ध हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिला में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। कल 11 से 14 अगस्त तक कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट–

***हिमाचल प्रदेश में इस मॉनसून सीजन के दौरान जानमाल सहित सार्वजनिक व निजी सम्पत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश व बादल फटने की घटनाओं में प्रदेशभर में अब तक 2 सौ 24 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं जबकि 36 लोग अभी भी लापता हैं। मंडी ज़िले में सबसे अधिक 44, कांगड़ा ज़िले में 33 जबकि चंबा ज़िले में 26 लोगों की मृत्यु हुई है। कई स्थानों पर बाढ़ व बादल फटने की घटनाओं से सड़कों, पेयजल योजनाओं और विद्युत लाईनों को क्षति पहुंची है। अब तक सम्पत्ति को कुल एक हज़ार 9 सौ नवासी करोड़ के नुकसान का अनुमान आंका गया है। इस मॉनसून सीजन में अब तक सामान्य से 13 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई है।***

**मंडी–मौसम**

मंडी ज़िले में 11 से 14 अगस्त तक भारी वर्षा के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। ज़िला प्रशासन के अनुसार मौसम के संभावित प्रभाव से निपटने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि आपदा की स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से भी एहतियात बरतने और प्रशासन द्वारा समय–समय पर जारी की जा रही सलाह का पालन करने की अपील की है।

## "अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"

- राज्य सरकार 4 स्थानों पर स्थापित करेगी नए दूध प्रसंस्करण संयंत्र–मुख्यमंत्री ने कहा–दूध खरीद में होगी वृद्धि।
- भाजपा ने प्रदेशभर में शुरू किया हर घर तिरंगा अभियान–15 अगस्त तक होंगे देशभक्ति के कार्यक्रम।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर अपनी चुनावी गारंटियों से पीछे हटने का लगाया आरोप।
- प्रदेश में मॉनसून सक्रिय– कल 11 से 14 अगस्त तक कई स्थानों पर भारी वर्षा का अलर्ट।